**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2554**
**(16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मनरेगा के अंतर्गत नामांकित श्रमिक**

**2554. प्रो. सौगत राय:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अब तक नामांकित श्रमिकों का राज्य-वार ब्यौरा और संख्या कितनी है;

(ख) क्या बड़ी संख्या में श्रमिकों का मनरेगा से विलोप कर दिया गया है;

(ग) यदि हाँ, तो अब तक मनरेगा से विलोपित श्रमिकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या श्रमिकों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज करने के लिए प्रयुक्त राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली और मजदूरी संवितरण के लिए प्रयुक्त आधार आधारित भुगतान प्रणाली के कारण पहले ही अनुमानित दो करोड़ श्रमिकों का मनरेगा से विलोपन हो गया है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत नामांकित श्रमिकों की संख्या और राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): महात्मा गांधी नरेगा योजना एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है और इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकार की है। जॉब कार्ड को अद्यतन करवाना/रद्द करना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संचालित एक नियमित प्रक्रिया है। जॉब कार्ड को रद्द करने के कारण मुख्य रूप से नकली/डुप्लिकेट/गलत जॉब कार्ड होना, ग्राम पंचायत से परिवार का स्थायी रूप से चले जाना, ग्राम पंचायत को शहरी के रूप में वर्गीकृत किया जाना और जॉब कार्ड में केवल एक सदस्य का नाम होना और बाद में उसकी मृत्यु हो जाना आदि हैं। हालांकि, श्रमिकों को

हटाने/जॉब कार्ड को रद्द करने के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अधिनियम के प्रावधानों और मंत्रालय द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योग्य या पात्र किसी परिवार का जॉब कार्ड हटाया/रद्द नहीं किया गया है। नरेगासॉफ्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 111.60 लाख श्रमिकों को हटा दिया और 230.38 लाख श्रमिकों को शामिल किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान (दिनांक 11.12.2025 तक) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कुल 57.34 लाख श्रमिकों को हटा दिया गया है, जबकि 121.62 लाख श्रमिकों को शामिल किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना से हटाए गए श्रमिकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

(घ) और (ङ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, इस मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र दिनांक 01 जनवरी, 2023 से राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) ऐप के माध्यम से सभी कार्यों (व्यक्तिगत लाभार्थी कार्य के अलावा) के लिए एक दिन में श्रमिकों की दो टाइम स्टैम्पड, जियो-टैग किए गए फोटोग्राफ के साथ एनएमएमएस के माध्यम से कार्यस्थल पर उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

इसके अलावा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत लाभार्थियों को मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और लाभार्थियों के बैंक खाता संख्या में बार-बार परिवर्तन होने और बाद में अद्यतन न किए जाने के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए, आधार भुगतान ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस) को लागू करने का निर्णय लिया गया था। इसे दिनांक 01 जनवरी 2024 से अनिवार्य कर दिया गया है।

एनएमएम के कारण और आधार के साथ बैंक खातों को लिंक नहीं किए जाने के कारण कामगारों को हटाया/जॉब कार्ड को रद्द नहीं किया जा सकता।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत नामांकित श्रमिकों के ब्यौरे और संख्या के संबंध में भाग (क) में उल्लिखित **अनुबंध-I**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पंजीकृत श्रमिकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 11199500 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 474397 |
| 3 | असम | 11688282 |
| 4 | बिहार | 27388677 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8144322 |
| 6 | गोवा | 52349 |
| 7 | गुजरात | 9868850 |
| 8 | हरियाणा | 2637187 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2821793 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 2255663 |
| 11 | झारखंड | 10661484 |
| 12 | कर्नाटक | 17871532 |
| 13 | केरल | 5799413 |
| 14 | लद्दाख | 49063 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 18653186 |
| 16 | महाराष्ट्र | 33228451 |
| 17 | मणिपुर | 936183 |
| 18 | मेघालय | 1263070 |
| 19 | मिजोरम | 237164 |
| 20 | नागालैंड | 632250 |
| 21 | ओडिशा | 10823657 |
| 22 | पंजाब | 3008852 |
| 23 | राजस्थान | 23349110 |
| 24 | सिक्किम | 136243 |
| 25 | तमिलनाडु | 11008775 |
| 26 | तेलंगाना | 10030457 |
| 27 | त्रिपुरा | 1218458 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 23567799 |
| 29 | उत्तराखंड | 1569715 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 25640924 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 53398 |

| | | |
|---|---|---|
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 46260 |
| 33 | लक्षद्वीप | 16455 |
| 34 | पुदुचेरी | 117030 |
| | **कुल** | **276449949** |

वित्त वर्ष 2024-25 और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान (दिनांक 11.12.2025 तक) महात्मा गांधी नरेगा योजना से हटाए गए श्रमिकों की राज्य-वार संख्या के संबंध में भाग (ख) और (ग) में उल्लिखित **अनुबंध-II**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2024-2025** | | **2025-2026 (दिनांक 11.12.2025 तक)** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **हटाए गए श्रमिक** | **शामिल किए गए श्रमिक** | **हटाए गए श्रमिक** | **शामिल किए गए श्रमिक** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 461733 | 647818 | 1838628 | 466136 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 58854 | 34487 | 31788 | 27285 |
| 3 | असम | 1819212 | 629904 | 109634 | 1097275 |
| 4 | बिहार | 1561159 | 10134595 | 113296 | 1758713 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1489327 | 502830 | 492178 | 502120 |
| 6 | गोवा | 73 | 534 | 12 | 999 |
| 7 | गुजरात | 174331 | 1077181 | 68031 | 174782 |
| 8 | हरियाणा | 18466 | 147281 | 10793 | 196117 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 29714 | 108638 | 65797 | 35302 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 103808 | 185737 | 241590 | 98971 |
| 11 | झारखंड | 363396 | 640445 | 54112 | 380195 |
| 12 | कर्नाटक | 243101 | 458579 | 536372 | 339390 |
| 13 | केरल | 213578 | 154436 | 80517 | 145488 |
| 14 | लद्दाख | 2342 | 1364 | 3378 | 2154 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 224539 | 1006749 | 69874 | 641711 |
| 16 | महाराष्ट्र | 156962 | 1291870 | 276271 | 3658135 |
| 17 | मणिपुर | 93300 | 63004 | 40784 | 52734 |
| 18 | मेघालय | 76109 | 71766 | 16628 | 45759 |
| 19 | मिजोरम | 28339 | 21118 | 21781 | 20622 |
| 20 | नागालैंड | 90310 | 76118 | 225264 | 63368 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | ओडिशा | 1122016 | 1283764 | 346144 | 446436 |
| 22 | पंजाब | 45142 | 238015 | 64448 | 112911 |
| 23 | राजस्थान | 313844 | 1032942 | 183202 | 389222 |
| 24 | सिक्किम | 9200 | 3843 | 4828 | 2977 |
| 25 | तमिलनाडु | 1716015 | 256050 | 141364 | 109197 |
| 26 | तेलंगाना | 335382 | 233119 | 500698 | 57841 |
| 27 | त्रिपुरा | 44239 | 63607 | 63131 | 37576 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 154356 | 2593617 | 72352 | 1249392 |
| 29 | उत्तराखंड | 169132 | 56553 | 59524 | 29983 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 38642 | 10692 | 103 | 11335 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 765 | 784 | 1096 | 897 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 172 | 7809 | 186 | 4600 |
| 33 | लक्षद्वीप | 137 | 71 | 345 | 89 |
| 34 | पुदुचेरी | 2267 | 3075 | 568 | 2134 |
| | **कुल** | **11159962** | **23038395** | **5734717** | **12161846** |